सं0सं0–1/विविध–06/2022–239(1)

**बिहार सरकार**

**स्वास्थ्य विभाग**

# संकल्प

विषयः– **नालन्दा जिला के पावापुरी में अवस्थित सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं इसके संबद्ध अस्पताल का नामकरण वर्द्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी के स्थान पर भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी एवं वर्द्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल, पावापुरी के स्थान पर भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल, पावापुरी करने के संबंध में।**

राज्य के नालन्दा जिला में अवस्थित वर्द्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान एवं अस्पताल, पावापुरी राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों में एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। वर्त्तमान में इस संस्थान में 120 नामांकन क्षमता के साथ एम0बी0बी0एस0 की शिक्षा प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त यहाँ 4 (चार) विषयों में, कुल 10 (दस) नामांकन क्षमता के साथ, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी संचालित किया जाता है। यह संस्थान आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त है।

2– पावापुरी (नालन्दा) का अपना एक ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्त्व है। यह जैन मतावलम्बियों के भगवान महावीर की भूमि है। मान्यता के अनुसार भगवान महावीर ने यहीं अपनी अंतिम साँस ली थी। स्थान के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्त्व को देखते हुए, चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल की स्थापना के समय संस्थान के चिकित्सा महाविद्यालय का नामकरण, वर्द्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी एवं चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल का नामकरण वर्द्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल, पावापुरी किया गया था, परन्तु इस नामकरण के बावजूद राज्य के बाहर अधिकतर लोगों को इस स्थान की भगवान महावीर से संबद्धता एवं इस स्थान का ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्त्व परिलक्षित नहीं होता है।

3– वर्णित स्थिति में नालन्दा जिला के पावापुरी में अवस्थित सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं इसके संबद्ध अस्पताल का नामकरण वर्द्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी के स्थान पर भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी एवं वर्द्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल, पावापुरी के स्थान पर भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल, पावापुरी किया जाता है।

4– यह तुरत प्रवृत्त होगा।

**आदेशः–** **आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण की जानकारी के लिए इसे राजकीय गजट के आगामी असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाय।**

बिहार राज्यपाल के आदेश से

20/4/22

**(कौशल किशोर)**

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–1/विविध–06/2022– 239(1) /स्वा0, पटना, दिनांक– 21/4/2022

**प्रतिलिपिः**– ई–गजट कोषांग, वित्त विभग, बिहार, पटना को राजकीय गजट के आगामी असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

20/4/22

सरकार के अपर सचिव

क्रमशः

ज्ञापांक–1/विविध–06/2022– 239 (1) /स्वा0, पटना, दिनांक–21/4/2022

**प्रतिलिपिः**– महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/महालेखाकार (लेखा परीक्षक), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान सचिव/मुख्य सचिव, बिहार के सचिव/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार/सभी जिला पदाधिकारी, बिहार/प्राचार्य/अधीक्षक, सभी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बिहार/सभी सिविल सर्जन, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक– 28.04.2022 को मद सं0–14 के रूप में लिये गये निर्णय के अनुपालन के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

20/4/22

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक–1/विविध–06/2022– 239(1) /स्वा0, पटना, दिनांक–21/4/2022

**प्रतिलिपिः**– माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग के आप्त सचिव/अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग के निजी सहायक/विशेष कार्य पदाधिकारी (प्रभारी प्रशाखा–1), स्वास्थ्य विभाग के निजी सहायक/निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित सहायक को अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20/4/22

सरकार के अपर सचिव